मूल्य 1 रु.

वर्ष: 9 - अंक : 193, मुंबई, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर



## रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह 740 करोड़ रु की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

### शिविंदर सिंह के अलावा तीन अन्य लोग भी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। खबर के मुताबिक 3 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)




## धारावी में रैली के साथ राहुल महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे

**2014 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने महानगर में महज पांच सीटों पर जीत हासिल की थी**

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए महानगर में चुनाव प्रचार करेंगे। राज्य में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह उनका पहला प्रचार अभियान होगा। (शेष पृष्ठ 5 पर)



## मुठभेड़ मामले में जेल की सजा के दौरान ढाई साल अस्पताल में गुजारे : प्रदीप शर्मा



**मुंबई।** शिवसेना के टिकट पर मुंबई की नालासोपारा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व पुलिस अधिकारी और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा ने कहा कि लखन भैया कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में साढ़े तीन साल जेल की सजा के दौरान उन्होंने ढाई साल अस्पताल में बिताए। शर्मा ने इस सप्ताह की शुरूआत में पालघर जिले के निकट नालासोपारा इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनके भाषण का कथित विडियो सोशल मीडिया में घूम रहा है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### कल्याण सीट भाजपा को दिए जाने से नाराज शिवसेना के...
## 26 पार्षदों और 300 कार्यकर्ताओं का इस्तीफा

### पार्टी के आदेश से नाराज हैं शिवसेना नेता

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव पर टिकट वितरण पर नाराजगी जताते हुए शिवसेना के 26 नगरसेवकों (पार्षदों) और करीब 300 कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को अपना इस्तीफा भेज दिया। इन्होंने पार्टी के बागी उम्मीदवार धनंजय बोराडे के समर्थन में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को अपना इस्तीफा भेजा। (शेष पृष्ठ 5 पर)



**सभी विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार गणपत गायकवाड़ का समर्थन करने के पार्टी के आदेश से नाराज**

### भाजपा प्रत्याशी ने कहा- यह राजनीतिक स्टंट

शिवसेना के इन इस्तीफों को भाजपा प्रत्याशी ने राजनीतिक स्टंट बताया है। उन्होंने कहा, अगर वे वास्तव में इस्तीफा देना चाहते हैं, तो वे पार्टी अध्यक्ष के बजाय नगर आयुक्त को सौंप देते। वे केवल बोरडे की मदद के लिए अपनी पार्टी पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो गठबंधन के खिलाफ है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### ठाणे में गिरा ताड़ का पेड़, दो की मौत

**ठाणे।** मंगलवार रात अचानक हुई तेज बारिश और हवा ने ठाणे शहर में उथल-पुथल मचा दी। हवा में ठाणे स्टेशन के पास लगा 50 वर्ष पुराना ताड़ का पेड़ आधा गिर गया, जिसकी चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई।

मृतकों में से एक उसी जगह फुटपाथ पर दुकान लगाता था, जबकि दूसरा व्यक्ति वहां से गुजर रहा था। जानकारी के अनुसार, इस घटना में ठाणे मनपा की लापरवाही सामने आई है। इसके पहले भी मॉनसून में पेड़ गिरने से वकील किशोर पवार की मौत हो गई थी, जबकि कई हादसों में कुछ लोग जख्मी हो चुके हैं। इनमें से कई अपंग हो चुके हैं।

मॉनसून से पहले हर साल पेड़ छटाई का दावा किया जाता है, लेकिन उसके बाद भी हादसे होते हैं। मंगलवार रात साढ़े 9 बजे तेज हवा और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई। ठाणे स्टेशन के प्लैटफॉर्म नंबर दो से चेंदणि की तरफ जाने वाली सड़क पर एसटी स्टैंड के पीछे ताड़ के पेड़ के पास लोग बारिश से बचने के लिए खड़े थे कि पेड़ का आधा हिस्सा होर्डिंग को तोड़ते हुए जमीन पर जा गिरा।

रूपचंद जायसवाल (30) और अमन लियाकत शेख (19) इसकी चपेट में आ गए। दोनों बेहोश हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां अमन की आधे घंटे बाद मौत हो गई। वहीं, रूपचंद ने बुधवार तड़के दम तोड़ दिया।

### महाराष्ट्र चुनाव: पहली बार शहीद भगत सिंह के घरवाले मांग रहे वोट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ चुका है। चुनावी समर में मुख्य मुकाबला बीजेपी-शिवसेना और कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन के बीच है। इस चुनाव में एक खास बात यह होने जा रही है कि पहली बार शहीद-ए-आजम भगत सिंह के परिवार का कोई सदस्य किसी नेता के लिए वोट मांगने जा रहा है। मुंबई से सटा कल्याण इसका गवाह बनने जा रहा है।

शहीद भगत सिंह के पौत्र विक्रम सिंह संधू ने चुनाव में बीजेपी के वर्तमान एमएलए नरेंद्र पवार के पक्ष में प्रचार करने का फैसला किया है। हालांकि बीजेपी ने इस बार पवार का टिकट काट दिया है। लेकिन वह बतौर निर्दलीय उम्मीदवार कल्याण (पश्चिम) सीट से चुनाव मैदान में हैं। बुधवार को संधू ने कल्याण के शिवाजी चौक इलाके में पवार के चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन किया।

ऐसा पहली बार है जब शहीद-ए-आजम के परिवार का कोई मेंबर किसी राजनेता के पक्ष में प्रचार करते हुए वोट मांगेगा। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटों के लिए 21 अक्टूबर को मतदान है। रिजल्ट 24 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

बीजेपी ने इस बार छत्रपति शिवाजी और लोकमान्य तिलक के वंशजों को भी टिकट दिया है। सतारा विधानसभा से छत्रपति शिवाजी के वंशज शिवेंद्र सिंह भोंसले चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, लोकमान्य तिलक के घराने से आने वाली मुक्ता तिलक कस्बा पेठ विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं।

सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल कोथरूड विधानसभा से मैदान में हैं। इसके अलावा पंकजा मुंडे को एक बार फिर परली विधानसभा से टिकट मिला है।

पंढरपुर विठ्ठल मंदिर देवस्थान के अध्यक्ष अतुल भोंसले कराड दक्षिण से चुनाव लड़ रहे हैं। इसके साथ ही सतारा लोकसभा उपचुनाव में शिवाजी के वंशज उदयन राजे भोंसले को टिकट दिया गया है।

# मुंबई: 15 साल से सलमान खान का बंगला संभाल रहा था वॉन्टेड, गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान के बंगले से एक वॉन्टेड अपराधी को गिरफ्तार किया है। 29 साल पुराने चोरी के एक मामले में पुलिस को शक्ति सिद्धेश्वर राणा की तलाश थी। हैरानी की बात यह है कि पकड़ा गया शख्स गोरई स्थित सलमान के बंगले की एक दशक से ज्यादा वक्त से देखरेख कर रहा था।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक 1990 में चोरी से जुड़े एक केस में शक्ति सिद्धेश्वर राणा (62) की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस का कहना है कि वह पिछले 15 साल से सलमान खान के घर में काम कर रहा था। 1990 में पुलिस ने सिद्धेश्वर राणा और दो अन्य आरोपियों को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था लेकिन जमानत पर छूटने के बाद वे फरार हो गए थे। कई साल से सेशंस कोर्ट उसके खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी कर रही थी लेकिन पुलिस उसका पता नहीं लगा सकी। वर्ली में अपने घर पर वह कभी पुलिस को नहीं मिला।



बताया जा रहा है कि सिद्धेश्वर राणा पिछले 29 साल से अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने सलमान के बंगले की तलाशी ली और आरोपी को धर दबोचा। इस मामले में आरोप है कि सिद्धेश्वर समेत तीन लोगों ने वर्ली में एक शख्स के घर में जबरन घुसकर लोगों की पिटाई की थी और इसके बाद लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था।

हाल ही में मुंबई के पुलिस कमिश्नर संजय बार्वे और जॉइंट पुलिस कमिश्नर संतोष रस्तोगी ने वॉन्टेड अपराधियों के खिलाफ रुके हुए गैर जमानती वॉरंट तामील कराने के सिलसिले में बैठक के दौरान चर्चा की थी। इस बैठक के बाद क्राइम ब्रांच की यूनिट-4 के इंस्पेक्टर निनाद सावंत सिद्धेश्वर राणा के केस पर काम कर रहे थे। सावंत ने बताया, 'हमें जानकारी मिली थी कि वह गोरई बीच के आसपास है। हमने उसे सलमान खान के बंगले में काम करते हुए पाया।'

इंस्पेक्टर सावंत ने आगे बताया, 'वह सलमान के बंगले में पिछले 15 साल से काम कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।' राणा के खिलाफ आईपीसी की धारा 452 (गलत इरादे से किसी के घर में घुसकर हमला), 394 (चोरी करते हुए किसी को नुकसान पहुंचाना) और 397 (किसी की जान लेने या गंभीर चोट पहुंचाने की कोशिश करते हुए चोरी या डकैती) के तहत केस दर्ज है।

## महाराष्ट्र में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डेप्युटी सीएम मौर्य मांगेंगे वोट

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव प्रचार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मांग बढ़ गई है।

बीजेपी-शिवसेना के कई उम्मीदवारों ने इनसे चुनाव प्रचार के लिए वक्त मांगा हैं। गुरुवार को केशव और योगी दोनों मुंबई के अलग-अलग उम्मीदवारों का प्रचार करेंगे। इससे पहले बुधवार को मौर्य ने मालाड पश्चिम विधानसभा चुनाव क्षेत्र से बीजेपी के उम्मीदवार रमेश सिंह ठाकुर का चुनाव प्रचार किया और उनके कार्यालय का उद्घाटन किया।

मुंबई बीजेपी के महामंत्री व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अमरजीत



मिश्र के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुलाबा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी के उम्मीदवार राहुल नार्वेकर के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। राहुल नार्वेकर के लिए मुख्यमंत्री योगी कालबादेवी के विठ्ठलवाडी में शाम 3 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 6 बजे कांदिवली पूर्व से बीजेपी के उम्मीदवार अतुल भातखलकर के समर्थन में प्रचार सभा करेंगे।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रवाद मौर्य, तो चुनाव की घोषणा से ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लगे हैं। वे विधानसभा चुनाव के लिए सह प्रभारी भी है। मौर्य विरार से लेकर कुलाबा और कल्याण तक कई बार चक्कर लगा चुके हैं। मुंबई बीजेपी के महामंत्री आर यू सिंह ने बताया कि उपमुख्यमंत्री गुरुवार को कल्याण पूर्व विधानसभा चुनाव क्षेत्र से बीजेपी के उम्मीदवार गणपत गायकवाड के लिए शाम 6.30 बजे जनसभा करेंगे और वहां से सीधे घाटकोपर पूर्व में पराग शाह के लिए वोट मांगेंगे।

## मालाड विधानसभा सीट पर बीजेपी का है पलड़ा भारी

**मुंबई।** मालाड विधानसभा चुनाव क्षेत्र से दो बार के विधायक असलम शेख हैट्रिक लगाने के लिए बेकरार है, लेकिन उनकी राह में पूर्व विधायक व बीजेपीके उम्मीदवार ठाकुर रमेश सिंह ठाकुर की बड़ी चुनौती हैं। कभी मुंबई महानगरपालिक और विधानसभा में गलबहियां डालकर घूमने वाले रमेश और असलम को आज राजनीति ने एक दूसरे के आमने-सामने ला खड़ा किया है। हालिया लोकसभा चुनाव नतीजे असलम शेख के लिए तगड़ी चुनौती के संकेत हैं। असलम की पार्टी कांग्रेस और बीजेपीको मिले वोटों में 20,027 वोटों का बड़ा अंतर है जो असलम के लिए शुभ संकेत नहीं है।

पहली बार असलम समाजवादी पार्टी से नगरसेवक चुने गए। सन 2009 में विधानसभा में कांग्रेस-राकांपा और शिवसेना-बीजेपी में गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। उस वक्त असलम ने बीजेपी के आर यू सिंह को 27,965 मतों के अंतर से पराजित किया था। उस वक्त राज ठाकरे की पार्टी मनसे की निला देसाई को 16,440 वोट मिले थे, लेकिन सन 2014 के चुनाव में कांग्रेस-राकांपा और शिवसेना-बीजेपीने अलग-अल चुनाव लड़ा था। इससे असलम की नैया पार लग गई। कांग्रेस के असलम ने बीजेपीके राम बारोट को महज 2,303 मतों के अंतर

## कांग्रेस-एनसीपी विलय की सलाह पर शरद पवार की शिंदे को दो टूक, मुझे पता है मेरी पार्टी का हाल

**मुंबई।** कांग्रेस के सीनियर नेता सुशील कुमार शिंदे ने पार्टी की गठबंधन सहयोगी एनसीपी को कांग्रेस से विलय करने की सलाह देकर विवाद को न्योता दे दिया है। उनकी सलाह एनसीपी को तो खटकी ही है, कांग्रेस के नेता भी इसे सही नहीं मान रहे। वहीं, एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने शिंदे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए दो टूक कहा है कि उन्हें अपनी पार्टी के हाल के बारे में शिंदे से ज्यादा पता है।

पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान पवार ने शिंदे के बयान पर कहा, 'कांग्रेस और एनसीपी राज्य में गठबंधन सहयोगी के तौर पर काम कर रहे हैं। सुशील कुमार शिंदे कांग्रेस की ओर से बात कर सकते हैं, एनसीपी की ओर से नहीं। मैं एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष हूं और मुझे मेरी पार्टी का स्टेटस उनसे ज्यादा पता है।' गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि उनकी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 'भविष्य में साथ आएंगे।'

शिंदे के इस बयान पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता माजिद मेमन ने भी कहा कि सुशील कुमार शिंदे वरिष्ठ और सुलझे हुए नेता हैं लेकिन, उनका यह बयान गलत है कि एनसीपी का कांग्रेस में विलय होने जा रहा है। माजिद मेमन ने कहा कि शरद पवार अपना अस्तित्व बिल्कुल नहीं खोना चाहते हैं। अगर कांग्रेस अपना विलय एनसीपी में करना चाहती है तो कर सकती है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हों सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# घाटकोपर में निर्दयी पिता ने की दो बच्चों की हत्या, कार में बंद कर छोड़े शव

**मुंबई।** घाटकोपर में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने दोनों बच्चों की लाशों को कार की डिक्की में बंद कर पुणे-सातारा हाइवे पर लावारिस छोड़ दिया। पुलिस ने दोनों बच्चों की लाश को बरामद करने के बाद हत्या के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घाटकोपर में रहने वाले चंद्रकांत मोहिते ने अपने दो बच्चों गौरवी मोहिते (11) और प्रतीक मोहिते (7) की गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों बच्चों की लाशें पुलिस को पुणे-सातारा हाइवे पर कार की डिक्की से मिलीं।

चंद्रकांत मोहिते ओला की टैक्सी चलाता है।



उसे कुछ दिन पहले टीवी हो गई है। इसके कारण उसका रोज अपनी पत्नी से झगड़ा होता है। इसीके चलते उसने यह कदम उठाया। बच्चों की हत्या करने से पहले उसने अपने भाई को फोन करके आत्महत्या करने की बात कही थी। इस पर उसके भाई ने घाटकोपर पुलिस को इसकी सूचना दी।

सूचना के आधार पर पुलिस ने उसकी ओला टैक्सी को जीपीआरएस की मदद से ट्रेस करने किया। जब स्थानीय पुलिस उस तक पहुंची और बच्चों के बारे में पूछा तो उनकी हत्या करने और लाशे डिक्की में होने की बात बताई। उसने कहा कि वह आत्महत्या करने वाला था लेकिन उसके बाद बच्चों को कौन संभालेगा इसलिए उसने पहले दोनों बच्चों की हत्या कर दी।

# एचडीएफसी बैंक के मैनेजर से विदेश भेजने के नाम पर ठगे 9 लाख रुपये

**मुंबई।** मुलुंड में एक व्यक्ति को विदेश में नौकरी देने के बहाने ठग लिया गया है। मुलुंड पुलिस के अनुसार, पीड़ित जसवीर सिंह से आरोपी ने विदेश में नौकरी देने की बात कही और जसवीर से 9 लाख रुपये ठग लिए। जसवीर सिंह एचडीएफसी बैंक में मैनेजर हैं और वह गूगल के माध्यम से विदेश में नौकरी की तलाश कर रहे थे। एक दिन फेसबुक के जरिए आरोपी ने जसवीर से संपर्क किया और कनाडा के 5 सितारा होटल में नौकरी देने की बात कही। जसवीर ने अपने सारे दस्तावेज आरोपी द्वारा बताए गए पते पर मेल कर दिए। कुछ दिन बाद जसवीर को एक मेल प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया कि जसवीर को कंपनी द्वारा चुन लिया गया है और उन्हें पासपोर्ट, वीजा और अन्य खर्चों के लिए 9 लाख रुपए जमा करने पड़ेंगे। इस पर जसवीर ने कंपनी से ऑफर लेटर की मांग की, जो कि आरोपी द्वारा फर्जी ऑफर लेटर मेल पर भेज दिया गया। जसवीर ने बताया कि वह इतने सारे पैसे ऑनलाइन नहीं भेज सकते। तब जसवीर को एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को शरद राठोड़ बताया। शरद ने एक व्यक्ति को भेजकर जसवीर से 9 लाख रुपये ले लिए। पैसे देने के बाद जसवीर ने शरद को फोन करना चाहा, लेकिन उसका फोन बंद आता रहा। तब जसवीर को एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गए हैं। मुलुंड पुलिस ने धोखधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।




## 34 दिनों में बढ़े 4.90 लाख वोटर

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट की सूची फाइनल कर दी है। अब राज्य में 8 करोड़ 99 लाख 36 हजार 261 मतदाता हैं जो अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।

इसके पहले 31 अगस्त को जारी अंतिम मतदाता सूची में 8 करोड़ 94 लाख 46 हजार 211 मतदाता शामिल थे। उसके बाद भी चुनाव आयोग ने नामांकन की अंतिम तिथि तक वोटर बनने के लिए आवेदन मंगाए थे। इसके चलते गत 34 दिनों के भीतर और 4.90 लाख लोगों ने अपने नाम मतदाता सूची में शामिल कराए हैं।

4 अक्टूबर को जारी फाइनल वोटर लिस्ट के अनुसार राज्य में 4 करोड़ 68 लाख 75 हजार 750 पुरुष, 4 करोड़ 28 लाख 43 हजार 635 महिला मतदाताओं के अलावा 2634 किन्नर मतदाता हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में 21 अॅक्टूबर को विधानसभा का मतदान होना है। 24 अॅक्टूबर को सभी उम्मीदवानों के भाग्य का फैसला आएगा।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः कई सीटों पर एनसीपी-एमएनएस ने मिलाया हाथ

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और एनसीपी मिलकर शिवसेना-बीजेपी को झटका देने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। नामांकन वापसी के अंतिम दिन ठाणे शहर विधानसभा सीट से एनसीपी के उम्मीदवार सुहास देसाई के नामांकन वापस लेने के बाद एनसीपी द्वारा एमएनएस को समर्थन देने के ऐलान से दोनों की मिलीभगत साफ हो गई है।

बता दें कि इस सीट से एमएनएस के उम्मीदवार के रूप में जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव मैदान में हैं। एनसीपी ने उम्मीदवार वापस लेकर एमएनएस की राह आसान कर दी है। दूसरी तरफ कलवा-मुंब्रा सीट से एनसीपी के उम्मीदवार जितेंद्र आव्हाड के सामने एमएनएस की तरफ से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया है।

कई सीटों पर साथ आई एनसीपी-शिवसेना

इसी तरह कल्याण ग्रामीण में एनसीपी ने एमएनएस के राजू पाटील के सामने उम्मीदवार नहीं उतारा है। शहापुर और मुरबाड में एनसीपी के सामने एमएनएस ने उम्मीदवार नहीं उतारा है। कल्याण पूर्व में भी एनसीपी उम्मीदवार है और एमएनएस ने उम्मीदवार नहीं उतारा है। एमएनएस की तरफ से जिले की विभिन्न सीटों पर



शिवसेना के नाराज पदाधिकारियों और कार्यकताओं से भी संपर्क किया जा रहा है। इसका जिम्मा एमएनएस नेता अभिजीत पानसे के पास है।

सूत्रों के अनुसार पानसे ने शिवसेना के कई पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मुलाकात करके एमएनएस प्रत्याशी अविनाश जाधव को मदद करने की अपील की है। ठाणे लोकसभा सीट शिवसेना को न मिलने से शिवसेना खेमे में नाराजगी बनी है। ऐसे में अब देखना पड़ेगा की एनसीपी और एमएनएस की जोड़ी शिवसेना की मदद से कितना फायदा उठा सकती है।

## जनता को वादे नहीं, विकास चाहिए

**नालासोपारा।** महाराष्ट्र में कुछ ही दिनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनावी और जुबानी जंग जारी है। हर उम्मीदवार अपनी-अपनी तरफ से तरह-तरह के दावे और वादे कर रहा है। पालघर जिले में सबसे हॉट सीट नालासोपारा विधानसभा सीट मानी जा रही है और यहां बहुजन विकास आघाडी (बीवीए) और शिवसेना के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। जहां एक तरफ बीवीए अपने विकास कार्यों को गिना रही है, तो शिवसेना विकास के दावों को झुठलाने में लगी है। बता दें कि बीते कई वर्षों में कई चुनाव हुए। अलग-अलग पार्टियों से नए-पुराने चेहरे सामने आए। जनता के बीच समस्याओं को मिटाने के वादे भी खूब हुए लेकिन अब तक जनता की समस्याएं जस की तस हैं। एक बार फिर विधानसभा चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों ने वादों का अंबार लगाना शुरू कर दिया है।

# पीएमसी बैंक पर बैन से आर्थिक संकट में ऐक्ट्रेस नूपुर अलंकार, बेचनी पड़ रही जूलरी

**मुंबई।** टीवी ऐक्ट्रेस नूपुर अलंकार इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उनकी स्थिति इस कदर खराब है कि उन्हें घर चलाने के लिए अपने गहने तक बेचने पड़े। उनकी यह हालत तब से हुई, जब पंजाब ऐंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक पर 6 महीने के लिए लेनदेन समेत कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। नूपुर के अकाउंट इसी बैंक में हैं।

नूपुर ने बताया है कि वह बेहद आर्थिक तंगी से गुजर रही हैं। उन्होंने बताया, 'दूसरे बैंकों में मेरे अकाउंट थे, जिन्हें मैंने कुछ साल पहले ही पीएमसी में ट्रांसफर करा लिया था। मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि मेरे परिवार की पूरी जमापूंजी इस तरह से फ्रीज हो जाएगी।' आरबीआई ने पहले हर अकाउंट होल्डर को धन निकासी की सीमा 1000 रुपये, फिर 10 हजार और फिर 25 हजार रुपये कर दी है लेकिन यह अमाउंट 6 महीने में एक बार ही



निकाला जा सकता है।

पीएमसी या इसी तरह के किसी दूसरे कॉपरेटिव बैंक में आपका पैसा है और आप इसे लेकर चिंतित हैं? पीएमसी बैंक पर आरबीआई के ऐक्शन के बाद आपके मन में भी अपने पैसों की सुरक्षा को लेकर तरह-तरह के सवाल आ रहे होंगे। आरबीआई के नोटिफिकेशन के अनुसार अगर पीएमसी बैंक अकाउंट से लोन का ईएमआई कट रहा है तो सबसे पहले हर महीने कटने वाले अमाउंट को आपके अकाउंट में मौजूद पैसे से अजस्ट करने की कोशिश की जाएगी। हालांकि अगर आपके अकाउंट में पर्याप्त धनराशि नहीं है तो आपको बैंक को पैसे अदा करने होंगे। अगर पीएमसी बैंक अकाउंट के जरिए आपके एसआईपी या म्यूचुअल फंड का पैसा कटता है तो इस पर जरूर असर पड़ेगा। ऐसे किसी भी इन्वेस्टमेंट के लिए अब आपको किसी दूसरे बैंक का अकाउंट लिंक कराना होगा। अगर आप ऐसा नहीं कराते तो जब तक आरबीआई अपना प्रतिबंध नहीं हटाता तब तक आपको म्यूचुअल फंड हाउसेज से भुगतान नहीं मिलेगा।

अगर बैंक बंद भी हो गया तो भी आपका पैसा डूबेगा नहीं। ऐसी स्थिति में खाताधारकों को अकाउंट से जुड़े इंश्योरेंस(डिपॉजिट इंश्योरेंस ऐंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन) के जरिए अधिकतम एक लाख रुपये तक मिल सकते हैं यानी उनकी कुल बचत ज्यादा होने पर उसका एक हिस्सा उन्हें वापस मिलना तय है।

बता दें आरबीआई ने पीएमसी बैंक के कामकाज पर प्रतिबंध लगा दिया है। आरबीआई का यह प्रतिबंध 6 माह के लिए है और समीक्षा के बाद आगे कोई फैसला लिया जाएगा। हालांकि आरबीआई ने अपने आदेश में बैंक को कर्मचारियों का वेतन, दैनिक खर्चे, ब्याज का भुगतान आदि करने की अनुमति दी है। नूपुर ने बताया कि घर में पैसे न होने और बैंक अकाउंट फ्रीज होने की वजह से उनके पास जेवर बेचने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

# 29 साल पुरानी चोरी और लूट मामले में सलमान खान के बंगले का केयर टेकर गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई की क्राइम ब्रांच टीम ने अभिनेता सलमान खान के गोरई स्थित बंगले के केयर टेकर को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया। यह पिछले 15 साल से इस बंगले की देखरेख कर रहा था। शक्ति सिद्धेश्वर राणा (62) नाम के इस शख्स को 29 साल पुरानी चोरी और लूटपाट के एक मामले में पुलिस ने पकड़ा है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, 1990 में चोरी से जुड़े एक केस में शक्ति सिद्धेश्वर की गिरफ्तारी की गई है। 1990 में भी इसे दो अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया। लेकिन जमानत पर छूटने के बाद वह फरार हो गया। कई साल से सेशंस कोर्ट उसके खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी कर रही थी। पुलिस ने कई बार उसके वर्ली स्थित मूल निवास पर छापा मारा लेकिन वह पकड़ा नहीं जा सका।

## ऐसे पकड़ा गया आरोपी

सिद्देश्वर को पकड़ने वाले इंस्पेक्टर निनाद सावंत ने बताया, हमें जानकारी मिली थी कि वह गोरई बीच के आसपास है। हमने उसे सलमान खान के बंगले में काम करते हुए पाया। उन्होंने कहा, वह सलमान के बंगले में पिछले 15 साल से काम कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। सिद्धेश्वर पर आरोप है कि उसने वर्ली में एक व्यक्ति के घर में जबरन घुसकर लोगों की पिटाई की। इसके बाद लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था।

# 'मोदी सरकार देश में समान नागरिक आचार संहिता लागू करे'



**मुंबई।** शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को मोदी सरकार से देश में सामान नागरिक आचार संहिता लागू करने की मांग की। मुंबई में विजयादशमी पर अपनी पारंपरिक रैली में उन्होंने कहा कि लोग भाजपा से गठबंधन को लेकर हमसे सवाल पूछते थे। लेकिन आज कह सकते हैं कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के लिए हमने भाजपा का साथ दिया। अब जितना जल्दी हो गृह मंत्री अमित शाह को यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करना चाहिए। राम मंदिर निर्माण के लिए कानून बनाया जाए। उद्धव ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के लिए हमने हमेशा आवाज उठाई और इसके निर्माण तक निरंतर प्रयास करते रहेंगे। मोदी सरकार मंदिर निर्माण के लिए कानून बनाए। हम जान दे सकते हैं, लेकिन अपने वादे को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। ये शिवसेना की नीति है। हमने राम के नाम पर कभी राजनीति नहीं की।

श्रीराम ने अपने पिता के लिए सबकुछ त्याग दिया। क्या हम उनके नाम पर राजनीति करेंगे? उद्धव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज और मराठी लोगों को छोड़कर शिव सैनिक किसी के सामने नहीं झुकते हैं। शिवसेना अध्यक्ष ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस, राकांपा समेत विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, क्या आपको लगता है कि शरद पवार, मायावती या दूसरे कोई नेता देश को चला सकते हैं? इसीलिए हम केंद्र और राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल हुए। सपा और बसपा के बीच एक गठबंधन उत्तर प्रदेश में हुआ था, जिसका हाल सब जानते हैं।

# शिंदे की कांग्रेस-राकांपा विलय की सलाह पर शरद पवार बोले- मुझे मेरी पार्टी का हाल पता है




**जलगांव।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे की कांग्रेस-राकांपा विलय की सलाह को सिरे से खारिज कर दिया। पवार ने कहा, शिंदे अपनी पार्टी के बारे में बोल सकते हैं। मैं अपनी पार्टी का मुखिया हूं और इसके बारे में ज्यादा जानता हूं। बुधवार को जलगांव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पवार ने यह बात कही। पिछले दिनों सोलापुर में सुशील कुमार शिंदे ने कांग्रेस- राकांपा का विलय किए जाने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा था, कांग्रेस और राष्ट्रवादी दोनों थक चुके हैं। कभी हम एक मां की गोद में पले-बढ़े हैं। हमारा भी दिल दुखता है और उनका (शरद पवार का) दिल दुखी होगा, लेकिन वे बोलते नहीं हैं। इसलिए अब हमें एक हो जाना चाहिए।

**मुझे लोगों का मूड पता है: पवार** - शरद पवार ने कहा, मैं इस चुनाव में विशेष रुचि ले रहा हूं, क्योंकि मुझे लोगों के मूड के बारे में पता है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को किनारे करके लोकसभा चुनाव जीता। लोगों ने उनका (भाजपा) का समर्थन इसलिए किया क्योंकि देश की बात थी। लेकिन महाराष्ट्र में मुद्दे अलग हैं। अनुच्छेद 370, सर्जिकल स्ट्राइक जैसे 'चिकने' विषय यहां नहीं चलेंगे। महाराष्ट्र में किसान की आत्महत्याओं, बेरोजगारी, बढ़ते अपराध जैसे मुद्दे हावी हैं। यहां भी मप्र और राजस्थान की तरह परिवर्तन की आवश्यकता है।

**'लोगों को डराया जा रहा है'** - इससे पहले मुक्तिनगर में आयोजित एक सभा में शरद पवार ने कहा था कि पिछले 5 साल को लेकर महाराष्ट्र सरकार के पास कहने को कुछ नहीं है। ईडी, आयकर विभाग, पुलिस का इस्तेमाल कर लोगों को भयभीत किया जा रहा है। इनके सहारे दूसरी पार्टी के नेताओं को एकत्र किया जा रहा है।

## (पृष्ठ 1 का शेष)

### रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह 740 करोड़...

रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड की शिकायत पर ये कार्रवाई की। शिविंदर रेलिगेयर फिनवेस्ट के पूर्व प्रमोटर हैं। शिकायत के मुताबिक शिविंदर सिंह और अन्य लोगों पर 740 करोड़ रुपए का फंड डायवर्ट करने के आरोप हैं। इस मामले में शिविंदर के भाई मलविंदर भी आरोपी हैं। खबर के मुताबिक मलविंदर की तलाश की जा रही है। रेलिगेयर फिनवेस्ट ने दिसंबर में शिविंदर और मलविंदर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। साल 2016 में दोनों भाइयों ने फोर्ब्स की 100 सबसे अमीर भारतीयों की लिस्ट में 92वें नंबर पर जगह बनाई थी। उस वक्त दोनों की संपत्ति 8,864 करोड़ रुपए थी। पिछले साल शिविंदर और मलविंदर सिंह पर आरोप लगे कि उन्होंने फोर्टिस के बोर्ड के अप्रूवल के बिना 500 करोड़ रुपए निकाल लिए। फरवरी 2018 तक मलविंदर फोर्टिस के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन और शिविंदर नॉन-एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन थे। फंड डायवर्ट करने के आरोपों के बाद दोनों को बोर्ड से निकाल दिया गया। शिविंदर और मलविंदर सिंह ने 1996 में फोर्टिस हेल्थकेयर की शुरूआत की थी। जापान की दवा कंपनी दाइची सैंक्यो ने 2008 में मलविंदर-शिविंदर सिंह से रैनबैक्सी को खरीदा था। बाद में दाइची ने आरोप लगाया कि सिंह बंधुओं ने रैनबैक्सी के बारे में अहम जानकारियां छिपाईं। उसने सिंगापुर ट्रिब्यूनल में शिकायत की थी।

### कल्याण सीट भाजपा को दिए जाने से नाराज शिवसेना...

यह पार्षद कल्याण (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र से हैं। इनकी नाराजगी कल्याण सीट भाजपा को दिए जाने पर है। राज्य में भाजपा-शिवसेना के बीच हुए सीट बंटवारे में कल्याण (पूर्व) विधानसभा सीट भाजपा के खाते में चली गई। भाजपा ने यहां से गणपत गायकवाड़ को प्रत्याशी बनाया है। शिवसेना ने इस इलाके में अपने कार्यकर्ताओं से भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का निर्देश दिया है। नगरसेवक और कार्यकर्ता इस सीट पर शिवसेना का उम्मीदवार चाहते थे। इसके बाद स्थानीय नेताओं ने धनंजय बोराडे का समर्थन करने का फैसला किया। शिवसेना के कल्याण (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख प्रशांत काले ने कहा, हम सभी ने पिछले 10 वर्षों में विधायक के रूप में गायकवाड़ बोराडे का हमेशा समर्थन किया। पार्टी के शीर्ष नेताओं की ओर से भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने को कहा गया है। दबाव बनाने के बाद हम सभी ने इस्तीफे का मन बनाया है।

### धारावी में रैली के साथ राहुल...

मुंबई कांग्रेस के प्रमुख एकनाथ गायकवाड़ ने कहा कि गांधी रविवार की शाम को धारावी में एक रैली को संबोधित करेंगे। गायकवाड़ की बेटी और कांग्रेस सचिव वर्षा गायकवाड़ धारावी से चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए वर्षा गायकवाड़ गुजरात और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस सचिव थीं। कांग्रेस मुंबई में 31 सीटों पर जबकि राकांपा पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 2014 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने महानगर में महज पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि गांधी लातूर में भी एक रैली को संबोधित करेंगे जहां दिवंगत मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे अमित और धीरज क्रमशः लातूर शहर और लातूर ग्रामीण विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि रविवार की सुबह विदर्भ में भी एक रैली की योजना है। उन्होंने कहा कि गांधी 15 अक्टूबर को राज्य में एक बार फिर चुनाव प्रचार के लिए आएंगे।

### मुठभेड़ मामले में जेल की सजा के दौरान...

विडियो में शर्मा कथित रूप से कहते दिख रहे हैं कि बीजेपी नीत मौजूदा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने उस मुश्किल समय में उनकी मदद की। शर्मा ने कहा, मेरे जीवन के मुश्किल दौर में शिंदे साहेब ने मेरी बहुत मदद की। मेरी साढ़े तीन साल जेल की सजा के दौरान मैंने ढाई साल अस्पताल में गुजारे। ऐसा उनकी मदद से हुआ। हालांकि जब शर्मा से उनके विडियो को लेकर टिप्पणी के लिये संपर्क किया गया तो उनके प्रवक्ता ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रचारित विडियो संदर्भ से परे है। एकनाथ शिंदे ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शर्मा पुलिस के सेवारत अधिकारी थे। मंत्री ने पत्रकारों से कहा, पुलिस की मदद करना अपराध नहीं है। पूर्व पुलिस अधिकारी शर्मा को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाता है। वह मुठभेड़ के 100 से अधिक मामलों में शामिल रहे हैं। शर्मा को 2006 में छोटा राजन गैंग के एक सदस्य रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में गिरफ्तार किया गया था। प्रदीप शर्मा को साढ़े तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और राज्य सरकार ने 2008 में उन्हें बर्खास्त कर दिया था। एक सत्र अदालत ने 2013 में उन्हें बरी कर दिया था जिसके बाद 2017 में उन्हें दोबारा पुलिस बल में शामिल कर लिया गया। 1983 बैच के राज्य पुलिस सेवा अधिकारी शर्मा ने इस साल की शुरूआत में स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ले ली थी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


## महाराष्ट्र में एनडीए सरकार ने गरीबों के लिए काम किया
# सत्ता में लौटेंगे: फडणवीस



**मुख्यमंत्री** देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि बीजेपी-शिवसेना गठबंधन एक बार फिर राज्य में सत्ता संभालेगा क्योंकि उनकी सरकार ने समाज के कमजोर तबके के लिए काम किया है और उनके जीवन में बदलाव लाई है। उन्होंने विपक्षी कांग्रेस और एनसीपी की आलोचना करते हुए कहा कि 2014 में बीजेपी-शिवसेना सरकार के सत्ता में आने से पहले के 15 वर्षों के शासन में उन्होंने कुछ नहीं किया। फडणवीस सोलापुर जिले के मंगलवेधा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ह्यकांग्रेस और एनसीपी ने 15 वर्षों तक झूठ और गुमराह करने वाले वादों के सिवाय कुछ नहीं किया। लेकिन पांच वर्ष पहले हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद हमने गरीबों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों, ओबीसी और महिलाओं के लिए काम किए और (उनके जीवन में) बदलाव लाने का प्रयास किया। बीजेपी-शिवसेना की सरकार पिछले पांच वर्षों के दौरान किसानों के साथ खड़ी रही और सबसे बड़ी ऋण माफी की जिससे 50 लाख किसानों को लाभ हुआ।

उन्होंने कहा, मैं आपको बताता हूं कि केवल आर्थिक राहत पर्याप्त नहीं है। सिंचाई के माध्यम से हमें पानी मुहैया कराना होगा। पांच वर्षों के दौरान हमने जलयुक्त शिविर कार्यक्रम के माध्यम से कई वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं पर काम किया। बीजेपी-शिवसेना के सहयोगी रायत क्रांति संगठन के पंढरपुर- मंगलवेधा क्षेत्र से उम्मीदवार सुधाकरपंत परिचारक को वोट देने की अपील करते हुए फडणवीस ने कहा कि भगवा गठबंधन सत्ता में लौटेगा। उन्होंने कहा, ह्यअगर आप उनको चुनते हैं तो क्षेत्र में कई परियोजनाओं को गति मिलेगी। फडणवीस के मुताबिक बीजेपी के शासनकाल में महाराष्ट्र ने व्यवसाय, रोजगार सृजन और स्वास्थ्य में पहला स्थान हासिल किया है।

# राजनाथ की शस्त्र पूजा



## शरद पवार का तंज- राफेल पर नींबू-मिर्ची लटका दी, जैसा नया ट्रक खरीदने पर ड्राइवर करते हैं

**कांग्रेस** के बाद अब राकांपा प्रमुख शरद पवार ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की शस्त्र पूजा पर तंज किया। शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि राफेल पर नींबू-मिर्ची लटका दिए गए, जैसा नया ट्रक खरीदने पर ड्राइवर करते हैं। इससे पहले कांग्रेस ने शस्त्र पूजा को तमाशा करार दिया था। 8 अक्टूबर को फ्रांस ने राजनाथ सिंह की मौजूदगी में भारत को पहला राफेल सौंपा था। इसके बाद राजनाथ ने राफेल की शस्त्र पूजा की थी। उन्होंने राफेल पर ओम लिखा था और उसके पहियों के नीचे नींबू रखा था। शरद पवार ने कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जो फैसला लिया गया है, उस पर मुझे कोई शक नहीं है। लेकिन, मैंने पढ़ा है। पता नहीं कि ये



सच है या नहीं। लेकिन, आप क्या कहेंगे जब राफेल एयरक्राफ्ट पर नींबू-मिर्ची लटका दिए जाएं इस मकसद के साथ कि उसे बुरी नजर न लगे। यह वैसे ही है, जैसे नए खरीदे गए ट्रक पर नींबू-मिर्ची लटका दिया जाता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था, इस तरह का तमाशा करने की आवश्यकता नहीं थी। जब हमने बोफोर्स जैसे हथियार खरीदे थे तो वहां कोई नहीं गया था और बिना किसी दिखावे के उसे लाया गया था। मैं कहना चाहता हूं कि यह सरकार पूरी तरह नौटंकीबाज है। आप फ्रांस जा रहे हैं और पूजा कर रहे हैं। क्या पहले राफेल जेट भारत नहीं आ रहा था? आप विदेश जा रहे हैं और नाटक कर रहे हैं।

**शाह ने कहा था- विजयादशमी शस्त्र पूजन करके मनाई जाती है:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को हरियाणा में एक रैली में कहा था- राजनाथ सिंह ने राफेल की शस्त्र पूजा की, लेकिन कांग्रेस देश की इस परंपरा से खुश नहीं हुई। कल विजयादशमी थी, जो बुराई पर अच्छाई की प्रतीक है और यह शस्त्र पूजन करके मनाई जाती है। भाजपा ने ट्वीट कर कांग्रेस को जवाब दिया था- जो पार्टी क्वात्रोची की पूजा करती है उसके लिए शस्त्र पूजा स्वाभाविक रूप से समस्या लगेगी। धन्यवाद खड़गेजी आपने बोफोर्स घोटाले की याद दिला दी।

# 34 दिनों में बढ़े 4.90 लाख वोटर



**चुनाव** आयोग ने वोटर लिस्ट की सूची फाइनल कर दी है। अब राज्य में 8 करोड़ 99 लाख 36 हजार 261 मतदाता हैं जो अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। इसके पहले 31 अगस्त को जारी अंतिम मतदाता सूची में 8 करोड़ 94 लाख 46 हजार 211 मतदाता शामिल थे। उसके बाद भी चुनाव आयोग ने नामांकन की अंतिम तिथि तक वोटर बनने के लिए आवेदन मंगाए थे। इसके चलते गत 34 दिनों के भीतर और 4.90 लाख लोगों ने अपने नाम मतदाता सूची में शामिल कराए हैं। 4 अक्टूबर को जारी फाइनल वोटर लिस्ट के अनुसार राज्य में 4 करोड़ 68 लाख 75 हजार 750 पुरुष, 4 करोड़ 28 लाख 43 हजार 635 महिला मतदाताओं के अलावा 2634 किन्नर मतदाता हैं।




## महाराष्ट्र चुनावः पहली बार शहीद भगत सिंह के घरवाले मांग रहे वोट



**महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ चुका है। चुनावी समर में मुख्य मुकाबला बीजेपी-शिवसेना और कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन के बीच है। इस चुनाव में एक खास बात यह होने जा रही है कि पहली बार शहीद-ए-आजम भगत सिंह के परिवार का कोई सदस्य किसी नेता के लिए वोट मांगने जा रहा है। मुंबई से सटा कल्याण इसका गवाह बनने जा रहा है। शहीद भगत सिंह के पौत्र विक्रम सिंह संधू ने चुनाव में बीजेपी के वर्तमान एमएलए नरेंद्र पवार के पक्ष में प्रचार करने का फैसला किया है। हालांकि बीजेपी ने इस बार पवार का टिकट काट दिया है। लेकिन वह बतौर निर्दलीय उम्मीदवार कल्याण (पश्चिम) सीट से चुनाव मैदान में हैं। बुधवार को संधू ने कल्याण के शिवाजी चौक इलाके में पवार के चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन किया। ऐसा पहली बार है जब शहीद-ए-आजम के परिवार का कोई मेंबर किसी राजनेता के पक्ष में प्रचार करते हुए वोट मांगेगा। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटों के लिए 21 अक्टूबर को मतदान है। रिजल्ट 24 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

बीजेपी ने इस बार छत्रपति शिवाजी और लोकमान्य तिलक के वंशजों को भी टिकट दिया है। सतारा विधानसभा से छत्रपति शिवाजी के वंशज शिवेंद्र सिंह भोंसले चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, लोकमान्य तिलक के घराने से आने वाली मुक्ता तिलक कस्बा पेठ विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल कोथरूड विधानसभा से मैदान में हैं। इसके अलावा पंकजा मुंडे को एक बार फिर परली विधानसभा से टिकट मिला है। पंढरपुर विट्ठल मंदिर देवस्थान के अध्यक्ष अतुल भोंसले कराड दक्षिण से चुनाव लड़ रहे हैं। इसके साथ ही सतारा लोकसभा उपचुनाव में शिवाजी के वंशज उदयन राजे भोंसले को टिकट दिया गया है।

## क्या कांग्रेस हतोत्साहित हैं?



अशोक भाटिया

**इस** पर हैरान ही हुआ जा सकता है कि हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की घोषणा होने के चंद दिन बाद राहुल गांधी विदेश यात्रा पर चले गए। पता नहीं राहुल इन राज्यों में चुनाव प्रचार करने जाएंगे या नहीं, लेकिन ऐन मौके पर उनके विदेश जाने से आम कार्यकर्ताओं के बीच तो यही संदेश गया कि वह इन चुनावों को महत्व नहीं दे रहे है। भले ही सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर फैसले करने में लगी हुई हों, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगता कि वह अपने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और उन्हें दिशा दिखाने की जरूरत समझ रही है। वास्तव में इसी कारण पार्टी के नेता एक ही मसले पर अलग-अलग बयान देने में लगे हुए है। वे एक-दूसरे की सार्वजनिक तौर पर आलोचना भी करने में लगे हुए है। इससे भी खराब बात यह है कि वे राष्ट्रीय महत्व के मसलों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सतही मसलों पर जुमलेबाजी करने में लगे हुए है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद के इस बयान से शायद ही कोई असहमत हो कि कठिन दौर से गुजर रही पार्टी अपना भविष्य तय नहीं कर सकती। यदि उन्हें हरियाणा और महाराष्ट्र में पार्टी के जीतने की संभावना नहीं दिख रही है तो यह सच की स्वीकारोक्ति ही है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पार्टी अभी तक हार के कारणों पर गौर नहीं कर सकी है। यह अजीब है कि लोकसभा चुनाव नतीजे आने के चार माह बाद भी कांग्रेस ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि उसे एक और करारी हार का सामना क्यों करना पड़ा? यह तो वह काम है जो प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए था।सलमान खुर्शीद के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं कि पार्टी को आत्ममंथन करने की जरूरत है। इस तरह की बातें अन्य अनेक नेताओं की ओर से भी की जा चुकी है। कोई नहीं जानता कि इस जरूरत की पूर्ति क्यों नहीं हो रही है? आखिर यह क्यों न माना जाए कि कांग्रेस जानबूझकर आत्ममंथन से बच रही है? सच जो भी हो, लोकसभा चुनावों में 11 करोड़ से अधिक वोट पाने और चार प्रमुख राज्यों में शासन करने वाली कांग्रेस अपनी दयनीय दशा से उबरने की कोशिश न करके केवल अपना ही नहीं, भारतीय लोकतंत्र का भी अहित करने में लगी हुई है।

## कई सीटों पर एनसीपी-एमएनएस ने मिलाया हाथ



**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और एनसीपी मिलकर शिवसेना-बीजेपी को झटका देने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। नामांकन वापसी के अंतिम दिन ठाणे शहर विधानसभा सीट से एनसीपी के उम्मीदवार सुहास देसाई के नामांकन वापस लेने के बाद एनसीपी द्वारा एमएनएस को समर्थन देने के ऐलान से दोनों की मिलीभगत साफ हो गई है। बता दें कि इस सीट से एमएनएस के उम्मीदवार के रूप में जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव मैदान में हैं। एनसीपी ने उम्मीदवार वापस लेकर एमएनएस की राह आसान कर दी है। दूसरी तरफ कलवा-मुंब्रा सीट से एनसीपी के उम्मीदवार जितेंद्र आव्हाड के सामने एमएनएस की तरफ से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया है।

इसी तरह कल्याण ग्रामीण में एनसीपी ने एमएनएस के राजू पाटील के सामने उम्मीदवार नहीं उतारा है। शहापुर और मुरबाड में एनसीपी के सामने एमएनएस ने उम्मीदवार नहीं उतारा है। कल्याण पूर्व में भी एनसीपी उम्मीदवार है और एमएनएस ने उम्मीदवार नहीं उतारा है।

एमएनएस की तरफ से जिले की विभिन्न सीटों पर शिवसेना के नाराज पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी संपर्क किया जा रहा है। इसका जिम्मा एमएनएस नेता अभिजीत पानसे के पास है। सूत्रों के अनुसार पानसे ने शिवसेना के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके एमएनएस प्रत्याशी अविनाश जाधव को मदद करने की अपील की है। ठाणे लोकसभा सीट शिवसेना को न मिलने से शिवसेना खेमे में नाराजगी बनी है। ऐसे में अब देखना पड़ेगा की एनसीपी और एमएनएस की जोड़ी शिवसेना की मदद से कितना फायदा उठा सकती है।

# मायावती ने यूपी में कानून-व्यवस्था पर उठाया सवाल, कहा- फर्जी एनकाउंटर को लेकर लोगों में रोष

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने फिर उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। मायावती ने गुरुवार को ट्वीट कर भाजपा सरकार में फर्जी एनकाउंटर का मुद्दा उछाला है। उन्होंने राजधानी लखनऊ में हो रही लगातार वारदात पर चिंता जताते हुए सरकार को इस पर ध्यान देने की नसीहत दी है।

मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि 'यूपी की राजधानी लखनऊ में जब खुलेआम अपराध जारी है तो फिर अन्य जिलों की भी दयनीय स्थिति समझी जा सकती है। फर्जी एनकाउंटर को लेकर भी जनता में काफी रोष व बेचैनी है और वे आवाज उठा रहे हैं। स्पष्ट है कि यूपी में कानून का नहीं बल्कि अपराधियों का जंगलराज चल रहा है। सरकार तुरंत ध्यान दे।' प्रदेश नें कानून-व्यवस्था और झांसी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए पुष्पेंद्र यादव के बहाने विपक्ष ने सरकार की घेराबंदी तेज कर दी है। इसी क्रम में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि भाजपा सरकार में सत्ता का दंभ अब सिर चढ़कर बोल रहा है। वह जनता की आवाज को बूटों तले रौंदते हुए मनमानी पर उतर आयी है। विजय



दशमी की सुबह से पहले रात के अंधेरे में झांसी में सत्ता की ताकत झोंककर पुष्पेंद्र यादव का अंतिम संस्कार कर सरकार ने न्याय की चिता जलाई है। परिवारीजन और स्थानीय जनता मांग कर रही थी कि फर्जी मुठभेड़ करने वाले दारोगा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए, तभी शव लिया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि पुलिस का यह रवैया झांसी के मामले में ही नहीं बदायूं में हिरासत में दम तोड़ने वाले बृजपाल के साथ भी नजर आया, जब उसका अंतिम संस्कार जबरन पुलिस ने करा दिया। रालोद प्रदेश अध्यक्ष डॉ.मसूद अहमद ने भी आरोप लगाया है कि एनकाउंटर के नाम पर विशेष वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता अमरनाथ अग्रवाल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में हुई सभी पुलिस मुठभेड़ों की सीबीआइ जांच, हाई कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने उठाए लखनऊ पुलिस पर सवाल, पुलिस कार्रवाई को बताया गैर कानूनी

**लखनऊ।** कानून व्यवस्था और एनकाउंटर मामलों को लेकर यूपी पुलिस जहां विपक्ष के निशाने पर है, वहीं पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने भी सवाल खड़े किए हैं। लाइसेंसी शस्त्रधारकों पर कारतूसों का ब्योरा न देने पर की गई कार्रवाई को उन्होंने गैर कानूनी बताते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी है। उन्होंने पुलिस को कानून पालन और छवि अच्छी रखने की सलाह भी दी है।

पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि कुछ दिन पहले मैंने अखबार में पढ़ा था कि कुछ शस्त्र लाइसेंसियों के खिलाफ पुलिस ने इसलिए मुकदमा दर्ज कर दिया था कि वे खरीदे और खर्च किए गए कारतूसों का हिसाब नहीं दे सके। इसके साथ ही उनके शस्त्र जमा कर लिए गए और लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट देने की बात भी कही गई। सुलखान सिंह के मुताबिक, लाइसेंस की शर्तों में ऐसी कोई शर्त नहीं है कि लाइसेंसी अपने कारतूसों का कोई रिकॉर्ड रखेगा। जो शर्त अधिनियम या नियमावली में नहीं है, वह किसी प्राधिकारी द्वारा नहीं लगाई जा सकती है। इस आधार पर शस्त्र भी पुलिस अपने कब्जे में नहीं ले सकती। इस आधार पर लाइसेंस भी निरस्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा है कि नागरिकों को तो अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहना ही चाहिए, पुलिस को भी गैर कानूनी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखनी है, लेकिन कानून के अंतर्गत, कानून का अतिक्रमण करके नहीं।

# जहानाबाद में मूर्ति विसर्जन के दौरान खूनी संघर्ष, पूरा जिला किया गया सील

**जहानाबाद।** जिले में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया है, जिसके बाद पूरे जिले में बुधवार रात से ही तनाव का माहौल कायम है। तनाव की स्थिति को देखते हुए पूरे जिले को सील कर दिया गया है।




बुधवार की रात में मां दुर्गा की प्रतिमा पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त किए जाने का आरोप लगाते हुए विसर्जन में शामिल लोंगों ने जमकर बवाल मचाया और एक खास समुदाय के लोगों पर जमकर पथराव किया। इसके साथ ही उनके धर्म स्थल को भी आग के हवाले कर दिया। इसके बाद दोनों संप्रदायों के बीच जमकर हंगामा और पथराव किया गया जिसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है। घटना की जानकारी मिलते ही जहानाबाद के जिलाधिकारी नवीन कुमार तथा एसपी मनीष दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। अनियंत्रित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा फायरिंग भी की गई । फायरिंग के बाद लोग शांत हो गए लेकिन पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस विवाद के बाद विसर्जन के लिए निकलीं देवी दुर्गा की सभी प्रतिमाएं निचली रोड में रुकी हुई है ।

# गिरिराज सिंह को बीजेपी की कड़ी नसीहत- गठबंधन पर बेतुकी बयानबाजी बंद करें

**पटना।** भाजपा के बड़बोले नेता गिरिराज सिंह आजकल बिहार में अपने ही गठबंधन के घटक दल जदयू पर लगातार हमला बोल रहे हैं। गिरिराज सिंह बयान देकर और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट और ट्वीट के जरिए सीएम नीतीश कुमार और जदयू नेताओं पर तंज कसते रहते हैं। इस पर भाजपा आलाकमान ने उन पर नकेल कसते हुए उन्हें कड़ी नसीहत देते हुए कहा है कि गठबंधन धर्म का पालन करें और बेतुकी बयानबाजी ना करें। पार्टी के वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा ने गिरिराज सिंह से कहा है कि वो बिहार में गठबंधन को लेकर कोई भी ऐसी बयानबाजी ना करें जिससे गठबंधन में कलह पैदा हो।

बता दें कि भाजपा नेता गिरिराज सिंह लगातार जदयू नेताओं को खासकर सीएम नीतीश कुमार को निशाना बना रहे हैं और ट्वीट के जरिए लगातार हमलावर हैं, जिससे गठबंधन को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई है और विरोधी लगातार कटाक्ष कर रहे हैं। गिरिराज सिंह को कड़ी नसीहत दिए जाने की बात सामने आने के बाद जदयू नेता केसी



त्यागी ने कहा कि उन्हें पहले भी चेतावनी दी गई है, लेकिन उनमें सुधार नहीं होता। इन दिनों जिस तरह से वो लगातार हमपर कटाक्ष कर रहे हैं, उससे गठबंधन को नुकसान पहुंच रहा है, जो सही नहीं है। केसी त्यागी ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी ने तो पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को साफ कहा है कि अपने काम पर ध्यान दें, बेवजह की बयानबाजी से बचें। हमारी तरफ से किसी तरह की कोई बयानबाजी नहीं होती। लेकिन, अब जिनकी जो आदत है वो अपनी आदतों से बाज नहीं आते।

# चित्रकूट में बबुली गैंग का अंत, अंतिम डकैत वीरप्पन भी पकड़ा गया, अब जंगल में नहीं कोई डकैत

**चित्रकूट।** दशहरा पर डकैत बबुली कोल गिरोह का पूरी तरह अंत हो गया। पुलिस ने गैंग के बचे एक मात्र सदस्य 50 हजार के इनामी डकैत छोटे भइया उर्फ वीरप्पन कोल को मुठभेड़ में दबोच लिया है। उसके पास से 315 बोर की राइफल व भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं। उस पर लूट, अपहरण आदि के सात मामले दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि अब जंगल में कोई डकैत नहीं बचा है।

जनपद व डीआइजी रेंज की एंटी डकैत टीमें मंगलवार को सर्विलांस टीम के साथ बहिलपुरवा थाना क्षेत्र में सर्चिंग करते हुए मारकुंडी की ओर जा रही थीं। इसी दौरान माढ़ों बांध के पास कुछ हरकत दिखी। पुलिस ने ललकारा तो दूसरी ओर फायरिंग शुरू हो गई। पुलिस ने जवाबी फायरिंग कर घेराबंदी की और डकैत को पकड़ लिया। एसपी मनोज कुमार झा ने बताया कि पकड़ा गया डकैत छोटे भइया उर्फ वीरप्पन पुत्र रज्जू कोल निवासी टिकरिया थाना मारकुंडी है। ये आईएस 262 गैंग के सरगना बबुली कोल के मारे जाने के बाद असलहा लेकर तीन साथियों के साथ फरार हो गया था। पिछली 19 सितंबर को सोहन कोल और 23 सितंबर को संजय कोल को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक साथी लाली कोल को एमपी पुलिस दबोच चुकी है। वीरप्पन की गिरफ्तारी के बाद अब जंगल में गैंग का पूरी तरह खात्मा हो गया है। वीरप्पन ने बताया कि उसने गांव में एक लड़की से छेड़छाड़ कर दी थी जिसमें मारपीट हुई थी और उसके खिलाफ एफआइआर हो गई थी। तो वह डकैत बन गया।

# आरजेडी को शहाबुद्दीन की पत्नी पर भरोसा तो जेडीयू को पीके से उम्मीद

**पटना।** बिहार में पांच सीटों पर विधानसभा का उपचुनाव होगा। नाथनगर, सिमरी बख्तियारपुर, दरौंदा, बेलहर तथा किशनगंज विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों के सांसद बन जाने के बाद ये सीटें खाली हो गई हैं। इन सीटों पर 21 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 24 अक्टूबर को काउंटिंग होगी। उसी दिन रिजल्ट भी आ जाएगा। बिहार के तमाम दलों ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। इसे लेकर बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यू ने अपने-अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। राजद ने सजायाफ्ता पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब पर फिर भरोसा जताया है, जबकि जदयू को पॉलिटिक्स में पीके के नाम से फेमस प्रशांत किशोर से उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, राजद ने बुधवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी।

# देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर लाने को सरकार चलाएगी 'बैक टू वैली'

**देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर की ओर लाने के लिए बैक-टू-वैली (घाटी की ओर) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत इसी साल नवंबर से होगीकेंद्र सरकार खुद संभालेगी कमान**

श्रीनगर। देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर की ओर लाने के लिए बैक-टू-वैली (घाटी की ओर) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत इसी साल नवंबर से होगी। इसका मकसद आतंकियों और अलगाववादियों की धमकियों के चलते बंद से तबाह हो रहे कश्मीर के पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाना है। बड़ी बात यह है कि इसका जिम्मा खुद केंद्र सरकार संभालने जा रही है।

दरअसल, पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित राज्यों में विभाजित करने के फैसले से दो दिन पहले राज्य सरकार ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए देश-विदेश के पर्यटकों को कश्मीर से लौटने के लिए कहा था। इसके साथ ही वादी पर्यटकों से खाली हो गई। बड़ी बात यह कि कश्मीर में हालात सुधरने और प्रशासनिक पाबंदियों को हटाए जाने के बावजूद पर्यटक इधर की ओर रुख नहीं कर रहे हैं।

अलगाववादियों और आतंकियों द्वारा



जबरन बंद से भी पर्यटक आशंकित हैं। हालत यह है कि कश्मीर में पर्यटन उद्योग लगभग तबाही के कगार पर पहुंच गया है। अधिकांश होटल बंद हैं और उनमें काम करने वाले लोग बेरोजगार। रेस्तरां भी बंद हैं, टैक्सी चालक घरों में बैठे हैं, हाउस बोट खाली हैं। दस्तकारी क्षेत्र से जुड़े लोग भी इसके शिकार हैं इसके बाद ही केंद्र सरकार ने स्थानीय पर्यटन जगत की बेहतरी के लिए यह पहला बड़ा प्रयास किया है।

संबंधित अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय इस कार्यक्रम को राज्य पर्यटन विभाग के साथ मिलकर चलाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा के तहत कार्यक्रमों में राज्य के सभी छुए-अनछुए क्षेत्रों को देश और विदेश में प्रचारित किया जाएगा। इनमें राज्य की बहुरंगी संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने फेडेरशन ऑफ इंडियन टूर एंड ट्रेवल एसोसिएशन को भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कहा है ।कश्मीर में कितने पर्यटक आए, पर्यटन विभाग को पता नहींउपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक दो अगस्त तक कश्मीर घाटी में 5.21 लाख पर्यटकों के अलावा 3.40 लाख अमरनाथ श्रद्धालु आए थे। अकेले जुलाई में ही 1.70 लाख पर्यटक आए।

हालांकि, 15 अगस्त के बाद कश्मीर में पर्यटकों की आमद हुई है, लेकिन आंकड़ा दो हजार भी पार नहीं हुआ। हालांकि, इनमें करीब 300 विदेशी पर्यटक जरूर शामिल हैं। दिलचस्प है कि पर्यटन विभाग के पास कश्मीर में पर्यटकों की आमद का कोई ब्योरा नहीं है।

### विदेशों में भी होंगे रोड शो

राज्य पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के बैक टू वैली कार्यक्रम के तहत न सिर्फ देश के विभिन्न हिस्सों में, बल्कि विदेशों में भी रोड शो व अन्य कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम उन्हीं जगहों पर होंगे, जहां से हमें पर्यटकों की उम्मीद है। देश के नामी समेत राज्य के सभी टूर ऑपरेटरों को अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा। यह कार्यक्रम नवंबर से शुरू होगा।



इसके लिए पर्यटन से संबंधित विज्ञापन और बैनर देश के सभी प्रमुख हवाई अड्डों पर भी लगाए जाएंगे।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसगंति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

## दुर्गा पूजा पर कोलकाता में दिखेगी 50 किलो सोने से बनी मां दुर्गा की प्रतिमा



कोलकाता में इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर करीब 50 किलो सोने से बनी मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन करने का मौका मिलेगा। मां दुर्गा की 13 फीट ऊंची इस प्रतिमा की कीमत करीब 20 करोड़ रुपये है। कोलकाता के प्रसिद्ध संतोष मित्र स्कवायर दुर्गोत्सव समिति ने मां दुर्गा की इस मूर्ति को बनवाया है।

समिति के अध्यक्ष प्रदीप घोष ने आईएएनएस को बताया कि अभी तक किसी ने भी देवी की सोने की प्रतिमा नहीं बनवाई थी। यह हमारी कनक दुर्गा (सोने की दुर्गा) हैं, जो ऊपर से नीचे तक 50 किलोग्राम सोने से बनी हैं।

इस समय 10 ग्राम सोने की कीमत 40 हजार रुपये है, तो कनक दुर्गा की प्रतिमा की कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये होता है। ऐसा नहीं है कि समिति के सदस्यों ने इस प्रतिमा के लिए अपनी जेब से रुपये दिए हैं, बल्कि कई ज्वैलर्स ने इस मूर्ति के निर्माण में सोना दिया है। मूर्ति विसर्जन के बाद वे अपना सोना ले लेंगे।

पूजा समिति के सचिव सजल घोष ने बताया कि इस मूर्ति के निर्माण और त्योहार के लिए कई मल्टी नेशनल कॉपोर्रेट्स ने भी आर्थिक मदद की है।

आपको बता दें कि इससे पहले 2017 में संतोष मित्र स्कवायर दुर्गोत्सव समिति ने मां दुर्गा को सोने की साड़ी अर्पित की थी।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप: सेमीफाइनल में पहुंची मैरी कॉम, आठवां पदक पक्का

**उलान उदे (रूस)।** छह बार की चैंपियन एमसी मेरी कॉम (51 किग्रा) ने गुरुवार को वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर यहां अपना 8वां पदक पक्का कर लिया। इस चैंपियन बॉक्सर ने क्वॉर्टर फाइनल में रियो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कोलंबिया की इनग्रिट वैलेंसिया को 5-0 से शिकस्त दी। मेरी कॉम 51 किग्रा वर्ग में पहला विश्व पदक हासिल करने की कोशिश में जुटी हैं।

48 किलोग्राम भारवर्ग में छह बार विश्व चैम्पियन रह चुकीं मैरी का यह 51 किलोग्राम भार वर्ग में वर्ल्ड चैंपियनशिप में पहला पदक होगा। वह हालांकि, इस भारवर्ग में 2014-एशियाई खेलों में स्वर्ण और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं। साथ ही इसी भार वर्ग में मैरी ने लंदन ओलिंपिक2012 में कांस्य जीता था।

मैरी कॉम ने शुरूआत अच्छी की और दूरी बनाए रखते हुए दाएं जैब का इस्तेमाल किया। साथ ही वह दाएं हाथ से हुक भी लगा रही थीं। हल्के से बदले हुए स्टांस के साथ खेल रही मैरी बीच-बीच में चकमा दे बाएं जैब से सटीक पंच लगाने में भी सफल रहीं। उनकी विपक्षी मैरी की रणनीति समझ रही थीं और इसलिए एहतियात के साथ खेल रही थीं। अंत में दोनों खिलाड़ी आक्रामक हो गईं। दूसरे दौर में दोनों मुक्केबाजों ने अच्छा किया, लेकिन मैरी अपनी विपक्षी से थोड़ा आगे रहीं। वह इंगोट के पास आते ही हुक का अच्छा इस्तेमाल कर रही थीं और यहीं वह इंगोट पर हावी रही थीं। तीसरे दौर में भी मैरी ने यही किया और जीत अपने नाम की।




मैरी के अलावा इस चैंपियनशिप में भारत की जमुना बोरा ने भी बुधवार को 54 किलो भारवर्ग में क्वॉर्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। जमुना ने क्वॉर्टर फाइनल में पहुंच ने के लिए 5वीं सीड अल्जीरिया की ओयूदाद साफोउ को 5-0 से मात दी थी। जमुना के अलावा भारत की लोवलिना बोरगोहैन पर भी देश की नजरें टिकी होंगी। बोरगोहैन ने 69 किलो भार वर्ग में मोरक्को की औमायमा बेल हबीब को 5-0 से मात दी थी। लोवलिना बोरगोहैन पिछली वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था।

# मयंक अग्रवाल ने ठोकी फिफ्टी, भारत का स्कोर 100 के पार



**नई दिल्ली।** पुणे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। दूसरे टेस्ट में दोनों टीमों में एक-एक बदलाव किया गया है। हनुमा विहारी की जगह तेज गेंदबाज उमेश यादव तो साउथ अफ्रीका की टीम में डेन पीट्ड की जगह एनरिक नॉतेर्जे को शामिल किया गया है। आज मैच के पहले दिन का खेल खेला जा रहा है। खबर लिखे जाने तक भारत ने 34 ओवर में 1 विकेट के नुकसान के 101 रन बना लिए हैं।

विशाखापत्तनम टेस्ट मैच में पहली पारी में दोहरा शतक ठोकने वाले सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने दूसरे मैच की पहली पारी में अर्धशतक पूरा कर लिया है। मयंक ने 112 गेंदों में 10 चौकों की मदद से अपना चौथी टेस्ट हाफ सेंचुरी पूरी की है।

भारतीय टीम के पहला झटका तेज गेंदबाज कगीसो रबाडा ने दिया। पिछले मैच के शतकवीर रोहित शर्मा को रबाडा ने 14 रन के स्कोर पर विकेट के पीछे क्विंटन डि कॉक के हाथों कैच करवाया। वर्नोन फिलैंडर पारी का पांचवां ओवर करने आए और चौथी गेंद पर मयंक अग्रवाल के खिलाफ छहह की जोरदार अपील की। फील्ड अंपायर ने अपील नकार दी तो कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने रिव्यू लेने का फैसला लिया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले में फील्ड अंपायर के फैसले के साथ जाने का फैसला लिया और मयंक को नॉक आउट करार दिया।

# ब्राजील के लिए 100वां मैच खेलने के लिए तैयार हैं नेमार




**सिंगापुर।** ब्राजील के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, नेमार इस समय पैरिस सेंट जर्मन क्लब (पीएसजी) से खेल रहे हैं। हाल ही में उनकी कोशिश अपने पुराने क्लब स्पेन के बार्सिलोना में वापस लौटने की थी, जिसमें वे नाकाम रहे थे। इसे लेकर पीएसजी के प्रशंसकों ने उनका मजाक उड़ाया था।

ब्राजील को यहां सेनेगल के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलना है। मैच से पहले नेमार ने बुधवार को कहा, 'मैं अपनी राष्ट्रीय टीम और क्लब के साथ खुश हूं। हर कोई जानता है कि आखिरी ट्रांसफर विंडो में क्या हुआ, वो मेरी शुरूआती ख्वाहिश थी, लेकिन आज मैं काफी खुश हूं और अपने क्लब के साथ सहज भी।'नेमार इस समय ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 99 मैचों में ब्राजील के लिए 61 गोल किए हैं।

ब्राजील के साथ अपने 100 मैच पूरा करने को लेकर नेमार ने कहा, 'एक सकारात्मक संतुलन है, लेकिन खिलाड़ी के जीवन में सिर्फ जीत ही नहीं होती हैं। कई तरह की निराशाएं, हार और गलतियां होती हैं। लेकिन अगर आप अंत तक लड़ाई करने को तैयार हैं तो आप अपनी गलती सुधार सकते हैं। मैं खुश हूं कि मैं 100 मैचों के आंकड़े तक पहुंच सका। मैंने अपने सबसे अच्छे सपने में भी इस बारे में नहीं सोचा था।'

# 50 टेस्ट में कप्तानी करने वाले भारत के दूसरे कप्तान बने विराट कोहली



**पुणे।** टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली गुरुवार को पुणे के मैदान पर टॉस के लिए पहुंचे तो उन्होंने एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली। विराट कोहली अब भारत के दूसरे ऐसे कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने 50 टेस्ट मैच में टीम इंडिया की कमान संभाली है। विराट से पहले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ही एक मात्र ऐसे कप्तान रहे, जिन्होंने 50 से ज्यादा टेस्ट मैच में भारतीय टीम की कप्तानी की हो।


कप्तानी का अर्धशतक जमाने वाले कोहली दुनिया के 14वें और दूसरे भारतीय कप्तान हैं। इस टेस्ट मैच से पहले विराट भारतीय कप्तानों की सूची में सौरभ गांगुली के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर थे। 49 टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले सौरभ गांगुली अब तीसरे स्थान पर आ गए हैं। एमएस धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में भारतीय टीम की कमान संभाली और वह आज भी सबसे ज्यादा टेस्ट में भारत की कमान संभालने वाले कप्तान हैं। विराट कोहली ने साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टीम इंडिया की कमान संभाली थी। इसी सीरीज के एमएस धोनी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था और फिर पूर्ण रूप से भारतीय टेस्ट टीम की कमान विराट कोहली को सौंप दी गई। दुनिया में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच में कप्तानी करने वाले खिलाड़ी की बात करें, तो यह रेकॉर्ड साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ के नाम है। 19 साल की उम्र में अफ्रीकी टीम की कमान संभालने वाले स्मिथ ने 109 टेस्ट मैच अफ्रीकी टीम की कमान संभाली। अपने करियर में 117 टेस्ट खेलने वाले स्मिथ ने रेकॉर्ड 109 टेस्ट में अपनी टीम की कप्तानी की। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के एलन बॉर्डर का नाम दूसरे स्थान पर आता है, जिन्होंने 93 टेस्ट मैच में कंगारू टीम की कप्तानी की। 80 टेस्ट के साथ न्यू जीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग तीसरे स्थान पर हैं।

# दिल्ली हाफ मैराथन में रिकार्ड 40 हजार से ज्यादा धावक भाग लेंगे

**नयी दिल्ली।** फिट इंडिया मूवमेंट का असर 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन पर भी दिखेगा जिसके लिए रिकार्ड 40 हजार से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है। हाफ मैराथन के आयोजक प्रोकैम इंटरनेशनल ने बताया कि अगले रविवार को यहां के जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम से शुरू होने वाली रेस के विभिन्न वर्गों में 40, 633 लोगों ने पंजीकरण कराया है जो नया कीर्तिमान है। पिछले साल इसमें लगभग 36,000 धावकों ने भाग लिया था। प्रोकैम की महाप्रबंधक आरती काकतकर ने बुधवार को यहां बताया कि मुख्य रेस हाफ मैराथन में पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा पंजीकरण हुआ है। उन्होंने कहा, हाफ मैराथन के लिए 13,115 धावकों ने पंजीकरण कराया है जबकि ग्रेट दिल्ली रन के 16,962 और 10 किलोमीटर की दौड़ के लिए 8,553 धावकों ने पंजीकरण कराया है। इसी तरह बुजुर्गों के लिए होने वाले सीनियर सिटीजन रेस में 1430 जबकि दिव्यांग वर्ग में 573 धावक भाग लेंगे। इस हाफ मैराथन में पुरूष धावकों में सुरेश कुमार पाटिल भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जिन्हें युवा धावक मुरली कुमार गावित और अनीश थापा से कड़ी चुनौती मिल सकती है जबकि महिला वर्ग में 2017 की कोर्स रिकार्ड धावक (भारतीय महिला) ए सूरिया और 3,000 मीटर स्टीपलचेज की राष्ट्रीय रिकार्ड धारक सुधा सिंह भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# सारा के केरियर के बारे में बोले सैफ

**सारा** अली खान यूं तो खुद स्टारकिड रह चुकी हैं लेकिन बॉलिवुड व दर्शकों के दिलों में वह अपनी मजबूत जगह दमदार ऐक्टिंग और स्वीट नेचर की वजह से बना पा रही हैं। इस बारे में अब सैफ अली खान की भी राय सामने आई है। सैफ ने कहा कि उन्हें सारा की पहली फिल्म 'केदारनाथ' में उनका काम बहुत पसंद आया था। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से सारा अपने लिए रोल चुन रही हैं वह काफी इंट्रेस्टिंग है। सैफ ने एक प्राउड फादर की तरह इस बात पर भी अपना गर्व जाहिर किया कि स्टार बनने पर भी उनकी बेटी डाउन टू अर्थ है और वह स्टारी नखरे नहीं दिखाती है। उन्होंने सारा के इस नेचर का क्रेडिट ऐक्ट्रेस की मां अमृता को दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि परवरिश के साथ ही व्यक्ति को खुद को उसमें ढालना भी आना चाहिए जो सारा ने अच्छे से किया है। सारा के करियर की बात करें तो वह इन दिनों फिल्म 'कुली नंबर 1' की रीमेक की शूटिंग कर रही हैं। साथ ही में उनकी कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज की जाएगी। वहीं सैफ अली खान जल्द ही फिल्म 'लाल कप्तान' में दिखाई देंगे।

# 'जजमेंटल हो क्या' पर दीपिका का कॉमेंट

**कंगना** रनौत की बहन रंगोली चंदेल ने दीपिका पादुकोण को एक बार फिर से निशाने पर लिया है। मेंटल हेल्थ पर दीपिका के कॉमेंट को लेकर रंगोली ने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाली है। दीपिका ने उनकी फिल्म 'जजमेंटल है क्या' को लेकर यह कॉमेंट किया था। एक रीसेंट इंटरव्यू मे दीपिका पादुकोण ने मेंटल हेल्थ पर बात करते हुए फिल्म जजमेंटल है क्या से जुड़ी कॉन्ट्रोवर्सी पर बात की थी। एक फैन क्लब ने उनका स्टेटमेंट शेयर किया था, जिसमें लिखा था, जब मेंटल है क्या जैसी फिल्म हो और उसके पोस्टर्स खास तरह के हों तो हमें ज्यादा सेंसिटिव रहना चाहिए। क्योंकि हम मेंटल बीमारी से जुड़े स्टिग्मा को तोड़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर वे इसको स्टीरियोटाइप कर रहे हैं। खबर के मुताबिक दीपिका ने मेंटल हेल्थ के बारे में कहा था कि मेंटल बीमारी को कई साल से समझा नहीं गया है। इसके लिए थोड़ा सेंसिटिव होने की जरूरत है। इस पर कंगना की बहन रंगोली ने ट्विटर पर जवाब दिया था कि कंगना को अभी भी लगता है कि मेंटल शब्द को नॉर्मलाइज कर देना चाहिए। रंगोली ने लिखा, कंगना ने दिमागी बीमारी पर इतनी अच्छ फिल्म बनाई मगर उससे भी प्रॉब्लम है...वाह! अच्छा है तुम लोगों जैसे क्लास नहीं है, कंगना को फिर भी फील होता है कि हमें मेंटल शब्द को नॉर्मलाइज कर देना चाहिए।





# नाराज हुई तापसी

**एक** महिला पत्रकार का सवाल 'सांड की आंख' की ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू को पसंद नहीं आया और उन्होंने नसीहत दे डाली कि क्या पूछना चाहिए और क्या नहीं पूछना चाहिए। दरअसल, बुधवार यानी 9 अक्टूबर को तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर अपनी रिलीज के लिए तैयार फिल्म 'सांड की आंख' का प्रमोशन कर रही थीं। फिल्म 'सांड की आंख' दो ऐसी बुजुर्ग महिलाओं की कहानी है, जो नारी सशक्तीकरणकी की पहचान बन गई हैं। ऐसे में जब #मीटू मुहिम को लेकर तापसी से सवाल किया गया तो वह जवाब देने में आनाकानी करने लगीं। फिल्म के प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान मौजूद एक सूत्र ने बताया, इंटरव्यू लेने आई एक महिला पत्रकार ने तापसी से #मीटू पर सवाल किया कि क्या इस मुहिम के बाद बॉलिवुड में कोई बदलाव आया है? महिला पत्रकार ने सवाल को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस समय यह मुहिम खत्म सा हो गया है, क्या इस मुहिम को चलाते रहने की जरूरत है, एक महिला होने के नाते आप कैसे देखती हैं? सवाल सुनते ही तापसी पत्रकार को नसीहत देने लगीं क्या पूछना चाहिए और क्या नहीं। हालांकि, वहां उनके साथ मौजूद भूमि पेडनेकर ने सहजता से अपनी बात रखी।